N.C.R.B/एन.सी.आर.बी
I.I.F.-I /एकीकृत जाँच फार्म-I

# FIRST INFORMATION REPORT
## Under Section 173 B.N.S.S.

## (प्रथम सूचना रिपोर्ट )
## अंतर्गत धारा 173 बी. एन. एस. एस.

1. **District (जिला):** ACB DISTRICT **P.S. (थाना):** C.P.S Jaipur **Year (वर्ष):** 2025

2. **FIR No. (प्र.सू.रि.सं):** 0229 **Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय):** 04/09/2025 17:14 बजे

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धाराएँ) |
|---|---|---|
| 1 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 | 13(1)(c) |
| 2 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 | 13(2) |
| 3 | भा दं सं 1860 | 409 |
| 4 | भा दं सं 1860 | 477-A |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1. **Day(दिन):** दरमियानी दिन **Date From (दिनांक से):** 12/08/2002 **Date To (दिनांक तक):** 30/03/2016

**Time Period (समय अवधि):** पहर **Time From (समय से):** 16:00 बजे **Time To (समय तक):** 14:30 बजे

(b) **Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 04/09/2025 **Time (समय):** 14:00 बजे

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) :** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 001 **Date & Time (दिनांक एवं समय)** 04/09/2025 17:14:06 बजे

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** लिखित

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. (a) **Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी):** WEST, 300 किमी **Beat No. (बीट सं.) :** NOT APPLICABLE

(b)**Address(पता):** SHAARIRIK SHIKSHA VIBHAG, JAYNARAYAN VAYAS VISHVVIDYALAY, JODHPUR

(c **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**

**Name of P.S (थाना का नाम):** **District(State) (जिला (राज्य) ):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name(नाम):** DAULAL BHATI

(b) **Father's Name (पिता का नाम):** JAWAHARLAL BHATI

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष):** 1949 **(d)Nationality(राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No(यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

**Date of Issue (जारी करने की तिथि):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण( राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):

| S.No. | Id Type | Id Number |
|---|---|---|

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address(पता):**

| S.No. (क्र. सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | वर्तमान पता | FATEHSAGAR KA OTA, KUSHTI BHAVAN, NAGUARI GATE, JODHPUR CITY, RAJASTHAN, INDIA |
| 2 | स्थायी पता | FATEHSAGAR KA OTA, KUSHTI BHAVAN, NAGUARI GATE, JODHPUR CITY, RAJASTHAN, INDIA |

(j) **Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल न.):**

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):**

**Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):**

| S.No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Address (पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | DR. AMAN SISODIYA | | पिता:OMSINGH SISODIYA | 1. E 329-330,RAMESHWAR NAGAR,BASANI NAGAR PRATHAM,JODHPUR CITY EAST,RAJASTHAN,INDIA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary) (सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण( यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):**

| S.No. (क्र.सं.) | Property Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिक्के और मुद्रा | रुपये | | 92,511.00 |

10. **Total value of property stolen(In Rs/-)**
**(चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में) ):** 92,511.00

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):**

| S.No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या) |
| --- | --- |

12. **First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)**
**(प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)):**

महोदय, निवेदन है कि परिवादी श्री दाउलाल भाटी पुत्र श्री जवाहरलाल भाटी उम्र 76 वर्ष पेशा सेवानिवृत्त सिनियर टिकट निरीक्षक भारतीय रेलवे जोधपुर निवासी फतेहसागर का ओटा कुश्ती भवन पुलिस थाना नागौरी गेट जोधपुर मोबाईल नम्बर ने एक परिवाद श्री अमनसिंह सिसोदिया, पूर्व विभागध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग जयनारायण व्याम विश्वविद्यालय जोधपुर एवं अन्य के विरूद्ध इस आश्य का पेश किया कि डा अमनसिंह सिसोदिया द्वारा अपने पद पर रहते हुए विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग में वित्तीय अनियमितताए कर पद का दुरूपयोग किया है। वर्ष 2002 में खरीदी गयी पुस्तकों के असल बिलों एवं स्टाक रजिस्टर में पुस्तकों के इन्द्राज का मिलान नहीं हो रहा है। अधिकतम पुस्तकें जो बिलों के जरिये खरीदी गयी। उनको इन्द्राज स्टाक रजिस्टर में नहीं है एवं कई पुस्तकों का स्टाॅक रजिस्टर में इन्द्राज किया गया जिसके बिल रिकार्ड पर नहीं है। कुछ सस्ती पुस्तकें है जिसका शारीरिक शिक्षा विभाग पाठ्यक्रम से कोई सरोकार नहीं है। राजस्थानी ग्रन्थागार जोधपुर से पुस्तके खरीद करके बिल सबलाईन पब्लिकेशन जयपुर के है। इसी प्रकार वर्ष 2014 में खरीद की गयी पुस्तकें राजस्थानी ग्रन्थागार जोधपुर से खरीदी गयी, इन सभी पुस्तकों का इन्द्राज स्टाक रजिस्टर में नहीं है। इसी प्रकार वर्ष 2015 में मिनर्वा पब्लिकेशन जोधपुर से खरीद की गयी पुस्तकें जो मेडिकल विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम से सम्बंधित है। उक्त पुस्तकें डा. अमनसिंह सिसोदिया ने अपनी पुत्री सुश्री मौक्षा कंवर सिसोदिया की एम.बी.बी.एस. की शिक्षा के लिए खरीदी गयी और उमे पुस्तकालय में जमा करा दी गयी। विश्वविद्यालय ने अपने कार्यालय आदेश क्रमांक 10960 दिनांक 08.06.2017 द्वारा डा. अमनसिंह सिसोदिया द्वारा की गयी वित्तीय अनियमित्ता की जांच हेतु 3 सदस्यों की कमेटी गठित की गयी। जिन्होनें भी जांच से श्री अमनसिंह सिसोदिया द्वारा अपने पद का दुरूपयोग कर अनियमित्ता करना माना है। इस तरह डॉ अमनसिंह सिसोदिया द्वारा वित्तीय अनियमित्ताएं कर विभाग में पुस्तक खरीद हेतु भारी भ्रष्टाचार एवं गबन करते हुए अपने पद का दुरूपयोग किया है। इस शिकायत पर ब्यूरो मुख्यालय जयपुर से परिवाद संख्या 331/2019 विरूद्ध श्री अमनमिंह सिमोदिया पूर्व विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर एवं अन्य के पंजिबद्ध होकर कार्यालय ब्यूरो मुख्यालय जयपुर से ब्यूरो चोकी जोधपुर एसयू को वास्ते सत्यापन प्राप्त हुई। परिवाद मत्यापन, लेखबद्ध बयान, प्राप्त रिकॉर्ड, पुस्तकों के क्रय बिलों की प्रमाणित प्रतियां, पुस्तक क्रय के लिए संधारित एसेसन रजिस्टर की प्रमाणित प्रतियां एवं विभागीय कमेटी द्वारा की गई जांच से पाया गया कि श्री अमनसिंह सिसोदिया, तत्कालीन विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग जय नारायण विश्वविद्यालय जोधपुर में वर्ष 2002 से 2005 एवं 2014 से 2016 तक पदस्थापित रहने के दौरान स्टॉक रजिस्टर, रोकड़ बही, खाता बही, स्थायी भण्डार पंजिका, अस्थायी भण्डार पंजिका, चैक रजिस्टर, बिल्ड रजिस्टर व अन्य दस्तावेजों का संधारण नहीं कर मात्र एसेसन रजिस्टर एवं बिल बाउचरों का संधारण किया गया, एमेसन रजिस्टर दिनांक 13.01.1988 प्रारम्भ किया गया है। जिममें क्रम संख्या 01 मे 1582 तक इन्द्राज है। रजिस्टर को संधारण एक ही समय में किया गया है। रजिस्टर पर सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं है, रजिस्टर अपूर्ण एवं कांट-छांट करना पाई गई। कॉलम रिक्त होकर वाईटनर को प्रयोग किया गया है एवं रजिस्टर में अधिकांश कॉलम दिनांक व लागत राशि के रिक्त पाये गये है। जिमके अनुसार बिल नम्बर 328 दिनांक 09.11.2015 टेस्ट बुक ऑफ बायो केमेस्ट्री फॉर मेडिकल स्टूडेन्ट, इसी प्रकार एसेसन रजिस्टर क्रमांक 1500 पर अंकित टेस्ट बुक ऑफ मेडिकल बायो फिजियोलोजी अंकित होना पाई गई, कन्टीजेन्सी बिल संख्या 11 दिनांक 30.06.2016 फर्म बिल नम्बर एमपी/328 दिनांक 09.11.2015 विक्रेता फर्म मिनर्वा पब्लिकेशन जोधपुर से पुस्तकें राशि 6613 की क्रय की गई हैं जो शारीरिक शिक्षा से संबंधित नहीं होकर मेडिकल कोर्स से संबंधित होना पाई गई। कन्टीजेन्मी बिल संख्या 14 दिनांक 29.06.2015 फर्म बिल नम्बर 2/2015-16/001 दिनांक 22.06.2015 विक्रेता फर्म का नाम इन्डूज इन्टरनेशनल नई दिल्ली पुस्तकें रूपये 49895/- जो विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत विक्रेता से क्रय करना नहीं पाई गई है। इसी प्रकार बाउचर नम्बर 313 दिनांक 24.03.2003 परिवाद के सत्यापन के दौरान परिवादी श्री दाउलाल भाटी के बयान दिनांक 27.11.2019 को लिये गये। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के पत्रांक 919 दिनांक 07.12.2019 द्वारा वर्ष 2002, 2014 व 2015 के क्रय की गई पुस्तकों के बिलों की प्रमाणित प्रतियां प्राप्त की गई। डॉ अमनसिंह सिसोदिया द्वारा परिवाद में अंकित आरोपों के संबंध में अपना अभ्यावेदन ब्यूरो मुख्यालय जयपुर पर प्रस्तुत किया जो मुख्यालय के पत्रांक 1000-01 दिनांक 03.02.2020 द्वारा इस कार्यालय में प्राप्त हुआ। श्री सत्यप्रकाश दूबे अधिष्ठाता कला संकाय अतिरिक्त चार्ज विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग

जेएनवीयू जोधपुर, श्री अवीसिंह भाटी संविदाकर्मी पूर्व कार्यरत शारीरिक शिक्षा विभाग जेएनवीयू जोधपुर, श्री मोहम्मद असलम संविदाकर्मी पूर्व कार्यरत शारीरिक शिक्षा विभाग जेएनवीयू जोधपुर एवं श्री बाबुलाल दायमा विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के बयान लेखबद्ध किया जाकर शालिम पत्रावली किये गये। परिवाद के सत्यापन से पाया गया कि इन्हीं बिन्दुओं पर पूर्व में जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर द्वारा भी जांच अपने विभागीय स्तर पर करवाई गई। उक्त जांच रिपोर्ट की प्रति जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर की स्थापन शाखा के पत्र क्रमांक 2292 दिनांक 08.03.2021 द्वारा व्यक्तिगत संपर्क कर प्राप्त की गई। उपरोक्त गवाहाओं के बयान एवं उपलब्ध रिकॉर्ड से पाया गया कि डॉ. अमनसिंह सिसोदिया पूर्व विभागध्यक्ष शारीरिक शिक्षा विभाग जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर एवं अन्य के संबंध में पूर्व में गठित कमेटी जो जे.एन.वी.यू./ एम.बी.एम./टी.पी. ओ./2018/112 दिनांक 03.07.2018 वॉईस चांसलर के आदेश क्रमांक जे.एन.वी.यू./ संस्था. /टी./10960 दिनांक 08.06.2017 को गठित हुई थी। इस कमेटी ने प्रोफेसर अवधेश शर्मा अध्यक्ष प्रोफेसर कैलाश डागा सदस्य व श्री दशरथ सोलंकी सदस्य नियुक्त किया गया। उक्त तीनों द्वारा अलग-अलग रिपोर्टे प्रस्तुत की है जिसका विवरण निम्न प्रकार हैः- प्रोफेसर कैलाश डागा द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टः- श्री कैलाश डागा ने अपनी रिपोर्ट में निम्न बिन्दुओ अंकित किये है स्टॉक रजिस्टर व अन्य दस्तावेज डॉ. अमनसिंह सिसादिया द्वारा उपलब्ध नहीं करवाने के कारण जो सामान विभाग में है वह कब, कहां से कितनी मात्रा में आया तथा वर्तमान में कितना शेष होना चाहिए यह ज्ञात करना संभव नहीं हुआ जो मामला अत्यंत गंभीर है । रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं होने से ऐसा प्रतीत होता है कि पुस्ताकालय में एसेशन रजिस्टर सत्य नहीं है। उपलब्ध रजिस्टर एवं पुस्तकों के अनुसार 300 से अधिक कम पुस्तकें दी गई है। कई पुस्तकों का इन्द्राज भी इन रजिस्टरों में नहीं किया गया। कई पुस्तके शारीरिक शिक्षा से सम्बन्धित नहीं है, जैसे बिल नम्बर 328 दिनांक 09.11.2015 टेस्ट बुक ऑफ बायोकेमेस्ट्री फॉर मेडिकल स्टुडेंट कमांक 1500 टेस्ट बुक ऑफ मेडिकल फिजियोलोजी बाई जोन ई हाल इत्यादी, कटीजेंसी बिल संख्या 14 दिनांक 29.06.2015 फर्म बिल नम्बर 2/2015-16/001 दिनांक 22.06.2015 विक्रेता फर्म का नाम इंदूज इण्टर नेशनल नई दिल्ली पुस्तके रूपये 49895/- जो विश्वविधालय द्वारा अधिकृत विक्रेता से क्रय क्रय नहीं की गयी है। कंटीजेंसी बिल संख्या 11 दिनांक 30.06.2016 फर्म बिल नम्बर एम.पी./328 दिनांक 09.11.2015 विक्रेता फर्म का नाम मिनर्वा पब्लिकेशनस जोधपुर पुस्तके रूपये 6613/- की क्रय की गयी है जो शारीरिक शिक्षा से सम्बन्धित नहीं है. यह मेडिकल कोर्स से सम्बन्धित है। श्री दशरथ कुमार सोलंकी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टः- श्री दशरथ कुमार सोलंकी, नियन्त्रक वित्त द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में निम्न बिन्दु अंकित किये है कि एसेसन रजिस्टर दिनांक 13.01.2018 से प्रारम्भ किया गया है, जिसमें कम संख्या 1 से 1582 तक इन्द्राज है रजिस्टर का संधारण एक ही समय में किया गया है, रजिस्टर पर समक्ष अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं है. रजिस्टर अपूर्ण व कांटछाट पायी गयी, कॉलम रिक्त होकर वाईटनर का प्रयोग किया. रजिस्टर में अधिकाश कॉलम दिनांक व लागत राशि के रिक्त पाये गये। जांच में रोकड़बही, खाता बही. स्थाई भण्डार पंजिका, अस्थाई भण्डार पंजिका, चैक रजिस्टर, बिल रजिस्टर का संधारण नहीं करना पाया गया। वाउचर नम्बर 313 दिनाक 24.03.2003 मैसर्स राजस्थानी ग्रन्धागार जोधपुर बिल नम्बर 226 दिनाक 26.07.2002 पर पृष्ठ संख्या 26 से 28 व क्रमांक 645-690 का प्रमाण पत्र अंकित किया गया। मेथोडोलोजी ऑफ रिचर्स इन फिजिकल एज्यूकेशन एण्ड रिपोर्टस की 2 बुक कुल 500 रूपये कमांक 688 से 689 पर अंकित है। एसेसन रजिस्टर के क्रम संख्या 688 पर इसी बुक का इन्द्राज है जबकि क्रम संख्या 689 पर आरोग्य की कुजी लागत 25 रूपये अंकित है (इस तरह एक पुस्तक 250 रूपये व दुसरी पुस्तक 25 रूपये कुल 276 रूपये की बजाय 500 रूपये की पुस्तक का इन्द्राज कर 225 रूपये की राशि की पुस्तके कम पायी गयी)। शारीरिक शिक्षा एवं ऐतिहासिक बाह मथ की 5 पुस्तके राशि 500 रूपये बिल में है। एसेसन रजिस्टर के पृष्ठ संख्या 694 पर कर्म रहस्य लागत 100 रूपये व 695 पर भी कर्म रहस्य लागत 100 रूपये का इन्द्राज है। इस तरह 500 रूपये पुस्तको बजाय 200 रूपये की पुस्तके उपलब्ध होकर 300 रूपये की राशि की पुस्तको कम पायी गयी। वाउचर नम्बर 312 दिनांक 24.03.2003 में मेसर्स सब लाईम पब्लिकेशन जयपुर बिल नम्बर 253 दिनांक 04.10.2002 में कुल पुस्तके 3435 की कय की गयी है जबकि एसेसन रजिस्टर के कम संख्या 837 पर रोग दर्शन पुस्तक 100 रूपये का इन्द्राज होकर कुल 3335 रूपये की राशि की पुस्तके कम पायी गयी। बाउचर नम्बर 12 दिनांक 16.10.2003 में मेसर्स राजस्थानी ग्रन्थागार जोधपुर बिल नम्बर 270 दिनांक 18. 07.2003 में एक पुस्तक 144 रूपये की कय की गयी है जबकि एसेसन रजिस्टर के कम संख्या 851 पर योग दर्शन 100 रूपये का इन्द्राज होकर कुल 44 रूपये की राशि की पुस्तके कम पायी गयी। बाउचर नम्बर 12 दिनांक 16.10.2003 में मेसर्स राजस्थानी ग्रन्थागार जोधपुर बिल नम्बर 270 दिनाक 18. 07.2003 में एक पुस्तक 7564 रूपये की कय की गयी है जबकि एसेसन रजिस्टर के कम संख्या 853 पर जोगिंग ऑफ स्पोर्टस एन्जरिज 750 रूपये का इन्द्राज होकर कुल 6814 रूपये की राशि की पुस्तके कम पायी गयीं। वाउचर नम्बर 12 दिनांक 16.10.2003 में मेसर्स राजस्थानी ग्रन्धागार जोधपुर बिल नम्बर 270 दिनांक 18. 07.2003 में एक पुस्तक 1581 रूपये की कय की गयी है जबकि एसेसन रजिस्टर के कम संख्या 856 पर योग दर्शन 100 रूपये का इन्द्राज होकर कुल 1481 रूपये की राशि की पुस्तके कम पायी गयी। वाउचर नम्बर 12 दिनाक 16.10.2003 में मेसर्स राजस्थानी ग्रन्थागार जोधपुर बिल नम्बर 270 दिनांक 18. 07.2003 में एक पुस्तक 4392 रूपये की कय की गयी है जबकि एसेसन रजिस्टर के कम सख्या 857 पर प्रेरणा के प्रसंग

50 रूपये का इन्द्राज होकर कुल 4342 रूपये की राशि की पुस्तके कम पायी गयी। वाउचर नम्बर 14/06 दिनांक 03.04.2014 में मेसर्स राजस्थानी ग्रन्थागार जोधपुर बिल नम्बर 324 दिनांक 01.03.2014 में तीन पुस्तक 7200 रूपये का इन्द्राज रजिस्टर में नहीं किया गया है इस तरह 7200 रूपये की राशि की पुस्तके कम पायी गयी। वाउचर नम्बर 74 दिनांक 24.03.2014 में मेसर्स ऐज्यूकेशन गैलेरी जोधपुर बिल नम्बर 161 दिनांक 24.03. 2014 में कुल राशि 3247 रूपये का इन्द्राज रजिस्टर में नहीं किया गया है इस तरह 3247 रूपये की राशि की पुस्तके कम पायी गयी। वाउचर नम्बर 656 दिनाक 08.03.2014 में मैसर्स एण्डूस इण्टरनेशनल नई दिल्ली बिल नम्बर 19 दिनाक 27.01.2014 में कुल राशि 7965 रूपये की है विपत्र में आईटम लॉकेट एनेलाईसर है जबकि जाच में आईटम लॉकेट स्काउंट बताया है। किताबो का भौतिक सत्यापन करने पर कर्म रहस्य 100 रूपये की पुस्तक पर राशि 5 रूपये अंकित है। और योग दर्शन 100 रूपये की पुस्तक पर राशि 11 रूपयें अंकित है। इसी तरह एस.एस रजिस्टर के पृष्ठ संख्या 728 से 732 पर प्रश्नोत्तर मणीमाला व क्रम संख्या 364, 365, 371, 373, 376, 377, 381 पर एक लोटा पानी अंकित है जो पुस्तके शारीरिक शिक्षा कोर्स से सम्बन्धित नहीं है। इसी तरह लेखो के संधारण नहीं करना व बिल में अंकित किताब तथा रजिस्टर में अंकित किताबो में भिन्नता पायी जाकर किताब में अंकित लागत, रजिस्टर में अंकित लागत व किताब पर अंकित वास्तविक मुल्य में अन्तर पाया गया। इसी के साथ रजिस्टर भी सक्षम अधिकारी से हस्ताक्षरित नहीं होना एवं कांटछाट तथा ऑवरराईटिंग व अपूर्ण होना पाया गया। परिवाद के सत्यापन से पाया गया कि डॉ अमनसिंह सिसोदिया पूर्व विभागाध्यक्ष जय नारायण विश्वविद्यालय जोधपुर द्वारा शारीरिक शिक्षा विभाग में पदस्थापित रहकर 49895/-रूपये की पुस्तके अधिकृत विक्रेता से खरीद नहीं की गई, तथा 6613/-रूपये की पुस्तकें शारीरिक शिक्षा विभाग से सम्बन्धित होना नहीं पायी गई एवं 36003/- रूपये की पुस्तकें सत्यापन से कम पायी गई है। इस तरह डॉ. सिसोदिया द्वारा कुल 92511/- रूपये की पुस्तकें क्रय नही कर अथवा अनावश्यक रूप से खरीद कर विश्वविद्यालय राजकोष को आर्थिक नुकसान पहुंचाया जाना पाया गया है इसके अलावा उपरोक्तानुसार डॉ अमनसिंह सिसोदिया द्वारा विभिन्न अनियमितताए कर अपने पद का दुरूपयोग किया गया है। आरोपी डॉ अमनसिंह सिसोदिया पूर्व विभागाध्यक्ष जय नारायण विश्वविद्यालय शारीरिक शिक्षा विभाग जोधपुर का उक्त कृत्य अन्तर्गत धारा 13 (1) सी, 13 (2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 एवम् 409, 477ए भा.द.स. के तहत दण्डनीय हैं। अतः आरोपी डॉ. अमनसिंह सिसोदिया पुत्र श्री ओमसिंह सिसोदिया पेशा नोकरी निवासी ई-329-330 रामेश्वर नगर बासनी प्रथम जोधपुर पूर्व विभागाध्यक्ष जय नारायण व्यास विश्व विश्व विदयालय शारीरिक शिक्षा विभाग जोधपुर के विरूद्ध अपराध अन्तर्गत धारा 13 (1) सी, 13 (2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 एवम् 409, 477ए भा. द.स. के तहत बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट वास्ते क्रमांकन हेतु प्रेषित हैं। भवदीय, (ओमप्रकाश चौधरी) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसयू जोधपुर.......कार्यवाही पुलिस.........प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त टाईपशुदा बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट श्री ओमप्रकाश चौधरी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरां एसयू जोधपुर ने प्रेषित की है मजमून रिपोर्ट से जुर्म अन्तर्गत धारा 13 (1) सी, 13 (2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 एवम् 409, 477ए भा.द.स. में आरोपी डॉ. अमनसिंह सिसोदिया पुत्र श्री ओमसिंह सिसोदिया पेशा नोकरी निवासी ई- 329-330 रामेश्वर नगर बासनी प्रथम जोधपुर पूर्व विभागाध्यक्ष जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय शारीरिक शिक्षा विभाग जोधपुर के विरूद्ध पंजीबद्ध कर प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतियां नियमानुसार जारी की गई। उक्त प्रकरण में अनुसंधान अधिकारी श्री चक्रवर्ती सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक,भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जोधपुर को मनोनित किया गया है। उक्त की रोजनामचाआम रिपोर्ट 70 पर अंकित है। (महावीर प्रसाद शर्मा) पुलिस अधीक्षक-प्रशासन, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर। क्रमांक 1303-07 दिनांक 04.09.2025 प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-1. विशिष्ठ न्यायाधीश एवं सैशन न्यायालय, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, जोधपुर, 2. सिंडिकेट, जय नारायण व्यास, विश्वविद्यालय, जोधपुर 3-उप महानिरीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जोधपुर, 4-अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, एसयू जोधपुर । 5- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक-परि., भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जयपुर(परिवाद संख्या 331/2019 ) पुलिस अधीक्षक-प्रशासन, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर।

13. Action taken : Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.
**(की गई कार्यवाही: चूँकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता हैं कि अपराध करने का तरीका मद सं.2 में उल्लेख धारा के तहत हैं):**

(1) **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जाँच के लिए लिया गया):**

**or (या)**

(2) **Directed (Name of I.O.):** chakrvarti singh rathore **Rank (पद):** अपर पुलिस अधीक्षक
**(जाँच अधिकारी का नाम ):**

**No(सं.):** **to take up the Investigation (को जाँच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or(या)**

(3) **Refused investigation due to (जाँच के लिए) :**

**or (के कारण इंकार किया, या)**

(4) **Transferred to P.S.(थाना):** **District (जिला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित) .**

F.I.R.read over to the complainant/informant,admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant/informant free of cost.

**(शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गई, सही दर्ज हुई माना और एक प्रति नि:शुल्क शिकायतकर्ता को दी गई|)**

**R.O.A.C.(आर.ओ.ए.सी.)**

14. **Signature/Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर / अंगूठे का निशान):**

**Signature of Officer in charge, Police Station (थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

Signed by: Mahaveer Prasad Sharma
Location: Rajasthan.IN
Date: 0[illegible]/2025 1[illegible]9

15. **Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

**Name(नाम):** MAHAVEER PRASAD

**Rank (पद):** SP (Superintendant of Police)

**No(सं.):**

Attachment to Item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):

Physical features, deformities and other details of the suspect/accused:(If known/seen )
(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण :(यदि ज्ञात / देखा गया))

| S.No.(क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date/Year of Birth ( जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height(cms.) (कद(से.मी)) | Complexion (रंग ) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Male | 13/02/1970 | | | | |

| Deformities/ Peculiarities (विकृतियाँ/ विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eyes (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit(s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | |

| Language /Dialect (भाषा /बोली) | Place Of(का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (धवल रोग ) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गुदे हुए का) | |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| | | | | | | |

These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.
(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है |)